दिनांक 23.03.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

नाम निर्देशन पत्र

प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन–2024 के पहले चरण के लिये नाम–निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। कल 22 मार्च को 10 अभ्यर्थियों ने 12 नाम–निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। अधिसूचना जारी होने से लेकर अब तक कुल 16 अभ्यर्थियों द्वारा 21 नाम–निर्देशन पत्र भरे जा चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि पहले चरण के लिये नाम–निर्देशन पत्र दाखिल करने की आखरी तारीख 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके अभ्यर्थी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

....

रेंडमाइजेशन

लोकसभा निर्वाचन– 2024 के संदर्भ में प्रदेश के 52 जिलों में पहला रेंडमाइजेशन पूरा हो गया है। 18 जिलों में ईवीएम की प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया कल संपन्न हुई। इससे पूर्व 21 मार्च को 34 जिलों में रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई थी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनपुम राजन ने बताया कि ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की अधिकृत उपस्थिति में हुई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन मशीनों को विधानसभा क्षेत्रवार अलॉट कर दिया गया है। ईवीएम को विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है।

....

मतदाता जागरुकता

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में आमजनों को अधिक से अधिक मतदान करने के उद्देश्य से मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय छिन्दवाड़ा द्वारा परासिया विकासखंड के ग्राम पंचायत अम्बाडा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति ने बताया कि मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। दमोह, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मानस भवन से घंटाघर के लिए कलश यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। सतना जिले में प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मदंसौर में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि के अंतर्गत नर्सिंग कॉलेज भैसोदा के छात्र–छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। नर्सिंग कॉलेज छात्र–छात्राओं को मतदाता जागरूकता अंतर्गत

शपथ दिलाई गई। खण्डवा जिले में लोकसभा निर्वाचन–2024 को लेकर विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में पुनासा, छैगांवमाखन, अहमदपुर खैगांव, तलवड़िया एवं मूंदी के ग्रामीणजनों को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने एवं मतदान के प्रति अन्य मतदाताओं को जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई गई। झाबुआ जिले में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता के लिए चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

- 1. आगरमालवा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ियों में मनाये जा रहे पोषण पखवाड़े के तहत कल ग्राम मैना के आंगनवाडी केन्द्र पर स्वस्थ बालक–बालिका प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- भोपाल में होली एवं रंगपंचमी पर शराब की दुकाने बंद रहेंगी। भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 25 मार्च और 30 मार्च को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है।
- शिवपुरी जिले में होली का त्योहार हर्षोल्लास और सद्भावना पूर्ण तरीके से मनाए जाने के संबंध में पुलिस प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक पिछोर जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में की गई।
- टीकमगढ जिले मे लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए विभिन्न स्तरों तैयारियां की जा रही हे। कल दिगौडा थाने मे म0प्र0 एवं उत्तरप्रदेश के थाना प्रभारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।
- छिंदवाड़ा जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए ईव्हीएम व व्हीव्हीपीएटी मशीनों का प्रथम रेंडमाईजेशन संपन्न हुआ।
- लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के लिये शासकीय महाविद्यालय निवाड़ी में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा कल शाम साढ़े पांच बजे भोपाल के हिन्दी भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा।
- सतना जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सूचनाओं और शिकायतों के आदान–प्रदान के लिये गठित कंट्रोल रुम में उपस्थिति नहीं देने पर दो कर्मचारियों को नोटिस' दिया गया है।
- छतरपुर जिले में 25 मार्च को होली त्यौहार पर शांति, सुरक्षा और लोकहित को ध्यान में रखते हुये शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

....